कार्यालय
प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

दूरभाष : 05962.230065, फैक्सः 05962.232182ई–मेल *almoraforestdivision@rediffmail.com*

पत्रांक 530 /15(2) अल्मोड़ा दिनांक 28-7-2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
अल्मोड़ा।

विषय :— **जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत मटीला–शीतलाखेत मोटर मार्ग के ग्राम डाठ से अनुसूचित जाति बस्ती तक मोटर मार्ग का निर्माण हेतु 0.948 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/ 149730/2021)**

सन्दर्भ :— **आपका पत्रांक 1495 / 7 सी0 दिनांक 18.06.2023।**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में प्रस्तावित मोटर मार्ग में जल स्त्रोत प्रभावित होने के सम्बन्ध में अनापत्ति चाही गयी थी, जिसके सम्बन्ध में आपके द्वारा जल संस्थान विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है। प्रमाण पत्र में जल संस्थान विभाग द्वारा उल्लेख किया गया है कि मोटर मार्ग के निर्माण कार्य में विभाग का कोई पेयजल स्त्रोत नहीं है, जोकि अस्पष्ट है।

अतः उपरोक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी के साथ संयुक्त निरीक्षण कर मोटर मार्ग संरेखण के आसपास कोई जल स्त्रोत जैसे कुंआ, नौला, प्राकृतिक जल स्त्रोत व पेयजल की उपलब्धता पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अनापत्ति वन क्षेत्राधिकारी से प्राप्त कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक - उपरोक्तानुसार

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

पत्रांक 530 / 15(2) उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि— वन क्षेत्राधिकारी, अल्मोड़ा को इस आशय से प्रेषित कि विषयक मोटर मार्ग का प्रस्तावक विभाग के साथ संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर जल स्त्रोतों पर पड़ने वाले प्रभावों के सम्बन्ध में अपनी आख्या इस कार्यालय को अविलम्ब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक - उपरोक्तानुसार

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

E:\2- data transfer\Land transfer letter 2022.docx